स्पीड पोस्ट

उत्तर प्रदेश शासन
प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-2
संख्या-176/2016/2770/सोलह-2-2016-73(ई)/2016
लखनऊ: दिनांक: 22 दिसम्बर, 2016

नियुक्ति/विज्ञप्ति

प्राविधिक शिक्षा विभाग (डिप्लोमा सेक्टर) उ0प्र0 के अन्तर्गत राजकीय पालीटेक्निक, उ0प्र0 में प्रवक्ता गणित (विकलांगजन विंकलांगता की श्रेणी-ओ0ए0, ओ0एल0, पी0बी0) हेतु बैकलाग के अन्तर्गत 01 पद पर सीधी भर्ती द्वारा नियमित चयन के फलस्वरूप लोक सेवा आयोग, उ0प्र0 की संस्तुति के आधार पर श्री पुष्पेन्द्र कुमार पुत्र श्री जितेन्द्र सिंह, ग्राम-नरगापुर, पोस्ट-दतावली, जिला-फिरोजाबाद, उ0प्र0, पिन-283203 को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से प्रवक्ता गणित के पद पर वेतनमान रू0-15,600-39,100 ग्रेड वेतन रू0-5400/- में अस्थायी रूप से नियुक्त करते हुये राजकीय पालीटेक्निक, कोटवन, मथुरा में तैनात किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है :-

2- श्री पुष्पेन्द्र कुमार को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से उक्त वेतनमान के अतिरिक्त समय-समय पर जारी शासनादेशों के अन्तर्गत अनुमन्य महंगाई भत्ता तथा अन्य भत्ते भी देय होंगे।

3- श्री पुष्पेन्द्र कुमार को यह भी निर्देशित किया जाता है कि वे अपना कार्यभार इस आदेश के निर्गत होने के दिनांक से एक माह के अन्दर अवश्य ग्रहण कर लें अन्यथा उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी जायेगी। कार्यभार ग्रहण करने हेतु श्री पुष्पेन्द्र कुमार को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

4- श्री पुष्पेन्द्र कुमार की पारस्परिक ज्येष्ठता सुसंगत नियमावली के प्राविधानों के अनुरूप बाद में निर्धारित की जायेगी।

5- उक्त पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से श्री कुमार 02 वर्ष की विहित परिवीक्षा पर रहेंगे।

(सुरजन)
विशेष सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर को मा0 आयोग से प्राप्त उक्त अभ्यर्थियों के मूल प्रपत्रों की की प्रतियां संलग्नकों सहित उक्त के साथ इस आशय से प्रेषित कि उक्त प्रपत्रों को संबंधित अभ्यर्थी की व्यक्तिगत पत्रावली में संरक्षित करने का कष्ट करें।
3- कोषाधिकारी, मथुरा।
4- प्रधानाचार्य, राजकीय पालीटेक्निक, कोटवन, मथुरा को इस अभ्युक्ति के साथ प्रेषित कि श्री पुष्पेन्द्र कुमार को कार्यभार ग्रहण कराना सुनिश्चित करें तथा कार्यभार ग्रहण करने की सूचना और निर्धारित समय के अन्दर कार्यभार ग्रहण न करने की सूचना शासन व निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर को तत्काल उपलब्ध कराने का कष्ट करें।
5- निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उ0प्र0 इलाहाबाद को राजपत्र के आगामी अंक में प्रकाशनार्थ।
6- सचिव, लोक सेवा आयोग, उ0प्र0, इलाहाबाद को उनके पत्र सं0-52(।)/8/डी.आर./एस-12/2008-09, दिनांक 04.08.2016 के संदर्भ में।
7- संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पश्चिमीक्षेत्र, दौराला, मेरठ।
8- श्री पुष्पेन्द्र कुमार पुत्रश्री जितेन्द्र सिंह, म0नं0-375, शम्भूनगर, शिकोहाबाद, फिरोजाबाद, पिन-283135
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
(कुलदीप बाबू)
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।
http://shasanadesh.up.nic.in